b>

Title: Need to allocate Rs.80 crores in the next Budget for early Completion of gauge conversion work on Neemach-Ratlam Section of Western Railways.

डॉ.लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मंदसौर के पश्चिम रेलवे के नीमच-रतलाम खंड पर अमान परिवर्तन का कार्य प्रगति पर है। छोटी-बड़ी पुल-पुलियाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब पटरियां बिछाने का कार्य शो रह गया है जिस पर लगभग 70-80 करोड़ रुपये का खर्च आने की संभावना है। मंत्रालय द्वारा इस योजना को प्राथमिकता में लिया गया है तदर्थ मैं आभारी हूं। मैंने इस संबंध में माननीय रेल मंत्री जी को पूर्व में भी पत्र लिखे हैं और आग्रह किया है कि इस योजना को शीघ्र से शीघ्र पूरा कराया जाए।

अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि नीमच-रतलाम खंड पर अमान परिवर्तन का कार्य शीघ्र से शीघ्र सम्पन्न हो। इस हेतु आगामी बजट में कम से कम 80 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया जाए।